आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 17.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – केन्द्र सरकार आतंकवाद का सफाया करने के लिए प्रतिबद्ध।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –राज्य सरकार सभी वर्गों के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रयासरत।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- त्याग और बलिदान का त्यौहार ईद–उल–अज़हा आज– विभिन्न मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की गई।

......................

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केन्द्र सरकार आतंकवादियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में कल एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी सुरक्षा ऐजेंसियों को मिशन के रूप में मिलकर काम करते हुए आतंकी गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिये। गृह मंत्री ने ऐजेंसियों से आतंकी गतिविधियों की आशंका वाले इलाकों की पहचान करने और वहां, सुरक्षा के मुद्दों पर ध्यान देने को कहा। श्री शाह ने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है और आतंकी घटनाओं में कमी आई है। बैठक में गृहमंत्री ने जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था और अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।

......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार सभी वर्गों के सम्पूर्ण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। वे कल किशनगढ़ में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी के अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्वी राजस्थान की पानी की जरूरत को देखते हुए ईआरसीपी परियोजना के कार्य को आगे बढाया है। शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता और दक्षिण राजस्थान के जिलों के लिए देवास परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि फसली ऋण देने, सोलर पम्प, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना, मोबाइल वेटनरी इकाई और अन्य योजनाओं से कृषि क्षेत्र में प्रदेश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। समारोह में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित कई नेता और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

......................

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के आयोजन में अनियमितताओं के लिए दोषी पाए जाने वाले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री प्रधान ने ओडिशा के संबलपुर में कहा कि दो स्थानों पर अनियमितता बरतने की घटनाएं सामने आई हैं। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार किए जाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया।

......................

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि प्रकृति और पर्यावरण की भारतीय संस्कृति का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कल जयपुर में एक निजी संस्थान द्वारा आयोजित वृक्ष मित्र सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आह्वान किया। श्री मिश्र ने कहा कि वृक्ष और वनस्पतियां भूमि को उन्नत और उर्वरा बनाने के साथ–साथ सबका भरण पोषण भी करते हैं।

......................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, दंड प्रकिया संहिता की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा

संहिता और इंडियन एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम अमल में लाये जायेंगे। आपराधिक न्याय प्रणाली में ये कानून न्यायपूर्ण और उत्तरदायी समाज को बढावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का ये पहला एपिसोड होगा। इसके कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस अंक के लिए 28 जून तक सुझाव भेजे जा सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, न्यूज़ ऑन एआईआर वेबसाइट और मोबाइल एप पर सुना जा सकता है। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

......................

त्याग और बलिदान का त्यौहार ईद–उल–अज़हा आज देशभर में अक़ीदत और ऐहतराम के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस मौके पर देशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि ये त्योहार प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों को ईद–उल–अजहा की बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा है कि ये पर्व हमे एकता, दया और बंधुत्व जैसे मूल्यों की प्रेरणा देता है। प्रदेश में भी ईद–उल–अज़हा उत्साह और पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। विभिन्न मस्जिदों में सुबह की नमाज अदा की गई। जयपुर में दिल्ली रोड़ स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में एक साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सजदे में सर झुकाये और देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है। अजमेर में ख्वाजा गरीब नमाज की दरगाह का जन्नती दरवाजा फजर की नमाज के बाद खोला गया, लोगों ने ख्वाजा साहब के दर्शन किए। हनुमानगढ़ के नोहर और भादरा क्षेत्र में नये वस्त्रों में सजे धजे लोगों ने नमाज अदा की। भरतपुर में ईदगाह के पास भरे मेले में सुबह से ही बच्चे और महिलाएं खरीदारी कर रहे है। बीकानेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि लोगों ने शहर के प्रसिद्ध ईदगाहों में ईद–उल–अज़हा की नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

......................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहा। दिन और रात के तापमान में गिरावट के बावजूद तेज गर्मी का असर बरकरार है। मौसम केन्द्र जयपुर से मिले आंकड़ों के अनुसार सबसे अधिक 46 दशमलव 5 डिग्री सैल्यियस अधिकतम तापमान के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं अलवर में 35 डिग्री सैल्सियस के साथ सबसे गर्म रात रही। ज्यादातर स्थानों पर तापमान 42 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। धौलपुर में 46 दशमलव 1, पिलानी में 45 दशमलव 8, चूरू में 45 दशमलव 6, अलवर में 44 दशमलव 6, बीकानेर में 44 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 42 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस पर रहा। बीकानेर और जयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर हीट वेव दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश की संभावना जताई है। वहीं 19 जून से कोटा, उदयपुर, जयपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं बरसात हो सकती है।

......................